(i) **Printed Pages : 4** **Roll No. ...............................**

(ii) **Questions : 8** **Sub. Code : | 0 | 2 | 0 | 8 |**

**Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 3 |**

**B.A. (General) 3rd Semester**

**1128**

**HINDI**

**Paper—Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें।

1. (क) निम्नांकित में से किन्हीं **दो** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :—

(i) अब भी सुधारेंगे न हम दुर्दैव-वश अपनी दशा ;
तो नाम-शेष हमें करेगा, काल ले कर्कश कशा।
बस टिमटिमाता दीख पड़ता आज जीवन दीप है,
हा दैव ! क्या रक्षा न होगी, सर्वनाश समीप है।

(ii) कौन प्रकृति के करूण काव्य सा,
वृक्ष पत्र की मधु छाया में,
लिखा हुआ सा अचल पड़ा है,
अमृत सदृश नश्वर काया में।

(iii) गृह-गृह की पार्वती !
पुन: सत्य-सुन्दर शिव को संवारती,
उर-उर की बनो आरती।
भ्रान्तों की निश्चल ध्रुवतारा।
तोड़ो तोड़ो तोड़ो कारा !

(iv) मैं भी उससे गीत सीखने,

आज गई थी उसके पास,

उसके कैसे मृदुल भाव हैं।

उज्ज्वल तन, मन भी उज्ज्वल। 5×2=10

(ख) कवि सुमित्रानन्दन पन्त का कवि परिचय दें। **(200** शब्द)

**अथवा**

'श्रद्धा' कविता का सार दें। **(200** शब्द) **8**

2. निम्नांकित में से किसी **एक** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :—

(क) जिसके भय से भुवन चौदहों कांप रहे

सुर भी जिसके आज्ञाकारी हों।

मेंह बरसे नहीं बिना उसके कहे

आप देवराज और एक नर से डरे !

**अथवा**

मेरे लिए वह सत्य झूठ है जिसके लिए जीवन भर केवल विपत्तियां झेलनी पड़ें। त्याग और बलिदान की सूली पर चढ़कर सत्य की परीक्षा देनी पड़े। मेरे लिए सत्य वही है, जो सहज ही जीवन में जिया जा सके। जो जिया न जा सके वह झूठ है, वह धोखा है। 5

(ख) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' के आधार पर देवधर का चरित्र-चित्रण कीजिए। **(200** शब्द)

**अथवा**

नाटक के तत्त्वों के आधार पर 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' की समीक्षा कीजिए। **(200** शब्द) **8**

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर **50** शब्दों में दें :—

(क) 'आर्य भाव' कविता का प्रतिपाद्य लिखें।

(ख) 'जूही की कली' निराला के किस काव्य संग्रह में संकलित है ? इस कविता की प्रवृत्ति स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'दो मित्र' शीर्षक कविता का मूल भाव लक्षित कीजिए।

(घ) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' की शैली पर टिप्पणी कीजिए।

(ङ) सत्यनारायण की कथा के सम्बन्ध में लौका पंचों से क्या कहता है ?

(च) पद्मा ने ड्रामा के विषय में कौनसी बातें कहीं ? 3×3=9

4. रीतिकालीन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(शब्द सीमा **200–250)**

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन करें।

(शब्द सीमा **200–250)** **8**

5. निम्नांकित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** का उत्तर दें :—

(i) वाचाल किस कवि द्वारा रचित कविता है ?

(ii) 'बन्दा बैरागी' कविता गुप्तजी के किस काव्य-संग्रह में संकलित है ?

(iii) कवि वीणा वादिनी से क्या वरदान मांग रहा है ?

(iv) 'श्रद्धा' प्रसाद जी की किस कृति की पात्र है ?

(v) सिद्धार्थ की पत्नी का क्या नाम था ?

(vi) जीतन किसकी भूमिका में है ?

(vii) देवधर और पुरोहित में कैसी बातें होती हैं ?

(viii) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' कौन सी साहित्यिक विधा है ?

(ix) पुरोहित ने चबूतरे पर क्या शुरू किया ?

(x) अहंकार की पहचान किससे की जा सकती है ?

(xi) बिहारी रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(xii) रीतिकाल को अलंकार काल अथवा अलंकृत काल किसने कहा ?

(xiii) प्रेम की पीर' के कवि किसे कहा जाता है ?

(xiv) केशव के किसी एक काव्यग्रन्थ का नाम लिखें।

(xv) बिहारी सतसई का अंगी रस कौनसा है ? 10

6. 'नाटक' के सम्बन्ध में भारतीय समीक्षकों की परिभाषाएं देते हुए नाटक की मौलिक परिभाषा दें। (शब्द सीमा **200)**

**अथवा**

नाटक का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। (शब्द सीमा **200)** 7

7. (क) तीन शब्द युग्मों के अर्थ स्पष्ट करें :— 3

संकर-शंकर, पुरुष-परुष, धरा-धारा, मन्दिर-मन्दर।

(ख) व्यंजन सन्धि किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) किन्हीं **तीन** शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए :— 3

हिमालय, इत्यादि, भवन, संतोष

(घ) किन्हीं **तीन** वाक्यों का शुद्ध रूप लिखें :— 3

(i) महात्मा का भाषण विद्वतापूर्ण ज्ञानपूर्वक था।

(ii) पुस्तक मेज पर डाल दो।

(iii) घना अन्धेरा घिर गया था।

(iv) रात में वर्षा हुई।

(ङ) विराम चिह्न लगाए :

स्त्री गालियां सह लेती हैं मार भी सह लेती हैं पर मैके की निंदा उनसे नहीं सही जाती आनन्दी मुँह फेर कर बोली हाथी मरा भी तो नौ लाख का। 3

8. किन्हीं **दस** शब्दों के हिन्दी रूप लिखें :—

Accuse, Admissible, Civil, Collector, Custody, Director, Dissent, Major, Ledger, Minor, Procedure, Tender, Vacancy, Public, Eligible. 10